राज
कॉमिक्स विशेषांक
संख्या 2541
लास्ट स्टैंड
RAJ COMICS
राज कॉमिक्स
BY MANOJ GUPTA
HEMANT

सुपर कमांडो ध्रुव

राजनगर के आकाश में चमकता अटल सितारा जिसकी चमक के आगे अपराधियों की आंखे और हौंसले दोनों चौंधियाते रहते हैं। लेकिन अपराधियों पर ग्रहण की तरह लग जाने वाले इस अपराध विनाशक की आंखों में ज्वाला जलती रहती है। प्रतिशोध की ज्वाला। और ये ज्वाला भड़की सर्कस की उस आग से जिसने ध्रुव से उसका सब कुछ छीन लिया। उसके माता-पिता राधा, श्याम, उसके ट्रेनर्स रंजन, सुलेमान, शेरखान, पवन और हरक्युलिस, सर्कस के सारे दोस्त जानवर, सर्कस के मालिक जैकब आदि सब कुछ जलकर राख हो गया। और राख हो गया सर्कस का एक उभरता करतबबाज। अब वो प्रतिशोध की आग में जलता एक अंगारा बन चुका था जिसका रुख अब गुनहगारों के अड्डे की तरफ था यानी ग्लोब सर्कस। ध्रुव सर्कस की अलग-अलग कलाओं का धनी तो था ही दिमाग का भी धनी था। अपने इसी दिमाग के बल पर उसने हत्यारों को तिगनी का नाच नचा दिया। उसकी जगह कोई और होता तो एक-एक को मौत की सूरत दिखला देता। लेकिन उसने शपथ ली थी कि वो किसी की जान नहीं लेगा। लेकिन नियति बड़ी बलवान होती है। उसने गुनहगारों को नहीं बख्शा। इस जघन्य हादसे के जिम्मेदार ग्लोब सर्कस के मालिक बॉस और जुबिस्को को उनकी करनी का दंड देने के बाद ध्रुव दिशाहीन सा हो गया। उसे अपराध से घृणा हो गयी थी पर भविष्य की कोई योजना उसके मन में नहीं थी। तब ध्रुव को सही दिशा दिखाने सामने आये एस.एस.पी. राजन मेहरा। उन्होने ना सिर्फ ध्रुव के अपराध उन्मूलन के अभियान को एक शक्ल दी बल्कि उसे अपना पुत्र बनाकर उसका परिवार भी लौटा दिया, जिसमें शामिल थी ममता की मुर्ति मां रजनी मेहरा और एक चुलबुली, शरारती और नटखट बहन श्वेता। तब ध्रुव ने राजनगर में नींव डाली अपराध के खिलाफ मोर्चा लेने वाली कंमाडो फोर्स की। जिसके कैडेट्स हैं पीटर, करीम, रेणु और जिसका कैप्टन है सुपर कंमाडो ध्रुव। अपराध के विरूद्ध इस अंतहीन सफर मे कई नये आयाम जुड़ते चले गये। चंडिका, नताशा, ब्लैक कैट, धनंजय, सामरी, वनपुत्र जैसे दोस्त मिले तो रोबो, ध्वनिराज, चुंबा, बौना वामन जैसे समाज के दुश्मन भी मिले। लेकिन ध्रुव इन सबसे ना सिर्फ टकरा गया बल्कि उनके लिये खौफ का दूसरा नाम भी बन गया। और ये सब वो कर पाया अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, बेमिसाल बुद्धि और सर्कस में सीखी अपनी कलाओं के दम पर। आसपास की चीजों को हथियार बना लेना और पशु-पक्षियों से बात कर लेना ये ध्रुव की ऐसी क्षमताऐं हैं जो हारी बाजी भी पलट देती हैं।

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

लास्ट स्टैंड

सिटी विदाउट ए हीरो सीरीज

राज कॉमिक्स है मेरा जनून।

राजनगर, एक शांत और समृद्ध शहर! हर शहर की ही तरह राजनगर में समृद्धि बनाए रखने की जिम्मेदारी उसके निवासियों की है। और शान्ति बनाए रखने की जिम्मेदारी ली है राजनगर के रक्षक सुपर कमांडो ध्रुव ने! लेकिन एक समय शांत और समृद्ध दिखाई देने वाला शहर आज मोहताज है एक क्षण की शान्ति के लिए, क्योंकि राजनगर में शान्ति बनाए रखने के अपने प्रयास में मारा जा चुका है सुपर कमांडो ध्रुव और जल्द ही ध्रुव की ही तरह अपने अंत का मूक दर्शक बनने जा रहा है राजनगर भी क्योंकि राजनगर के अंत का कारण बनेंगे राजनगर के गैर जिम्मेदार नागरिक मतलब राजनगर की सबसे सुरक्षित नारका जेल से भागे हुए कुख्यात अपराधी! ध्रुव की अनुपस्थिति में राजनगर के निश्चित अंत को टालने की कोशिश कर रही है चंडिका, प्रतिबंधित कमांडो फोर्स के सदस्य रेनू, पीटर, करीम और साथ ही राजनगर में कार्यरत कमांडर फोर्स की कमांडर नताशा!

राजनगर को बचाने के इस अभियान में शामिल हुए हैं दो रहस्यमय पात्र। एम्स्टरडेम की निजी सुरक्षा एजेंसी का एलीट कमांडो कॉमेट जो अपनी याददाश्त खो चुका है और दूसरा, नारका जेल में बंद एक कैदी। इन दोनो की ही ना सिर्फ शकल उनके ध्रुव होने की पुष्टि करती है बल्कि उनकी कही गई बातें ध्रुव को जानने वाले किसी भी शख्स को उन्हें ध्रुव मानने पर मजबूर कर सकती हैं!

तो क्या जिंदा है सुपर कमांडो ध्रुव? क्योंकि जिंदा है ध्रुव के साथ ही हादसे में मृत, कुख्यात अपराधी ग्रेंड मास्टर रोबो भी जो कि वापस आया है पहले से भी ज्यादा खतरनाक इरादों के साथ! क्या हैं ग्रेंड मास्टर रोबो के इरादे? कौन है ध्रुव की तरह दिखने वाले दोनो शख्स और उनमें से कौन है असली ध्रुव? क्या यह दोनों मिलकर रोक सकेंगे राजनगर के अंत को या बन कर रह जाएगा राजनगर हमेशा के लिए 'सिटी विदाउट ए हीरो'।

उपरोक्त घटनाओं को विस्तार से जानने के लिए पढ़ें कोडनेम कॉमेट, ब्रेकआउट और मैक्सिमम सिक्योरिटी।

कथा-मंदार गंगेले चित्रांकन-हेमंत कुमार स्याहीकार-ईश्वर आर्ट्स
रंगसज्जा-अभिषेक सिंह शब्दांकन-मंदार गंगेले संपादन-मनीष गुप्ता
संस्थापक
राजकुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता

GOLD RESERVE, INDUSTRIAL AREA. RAJNAGAR. NOW.
मुझे डर था कि इतने दिनों से अप्रयुक्त पड़ी रहने से कहीं मेरी सोनिक केनन खराब न हो गई हो।
लेकिन यह अभी भी पहले की ही तरह कहर ढा रही है।
फिक्र नहीं, अगर तुम्हारी सोनिक केनन काम ना भी करती तो चुम्बा की शक्ति के आगे इन लोगों का टिक पाना नामुमकिन था!
बूम
बूम
और तुम दोनों अपनी-अपनी शक्तियां बचाए रखो इसीलिए अपने खूनी खिलौने साथ लाया हूं मैं!
लेकिन तुम लोग बहुत शोर मचाते हो!

और मुझे शान्ति से काम करना पसंद है।
फटाक
ड्रम्स
"इस तरह कि काम भी हो जाए..."
"...और..."
...किसी को कानों-कान खबर तक न हो।
जल्दी खोलो इस दरवाजे को। इस गोल्ड रिजर्व में रखे सोने से दूरी अब और बर्दाश्त नहीं हो रही।
इस बाधा को रास्ते से हटाना ज्यादा मुश्किल काम नहीं होना चाहिए।

लगता है इस दरवाजे को हटाने के लिए पर्याप्त पावर सोनिक बैटरी में नहीं है।
तो फिर तुम पीछे हट जाओ...
और तमाशा देखो!

कड़ड़ड़ाम

धड़ाम

यह बाधा तो पार हुई।
अब अंदर जा कर देखना है कि और कितनी बाधाएं पार करनी हैं।
अंदर की बाधाओं तक तो तब पहुंच पाओगे...

...जब बाहर की बाधाओं को पार कर लोगे।

तो क्या राजनगर में हो रहा सारा ड्रामा इस प्राणी तक पहुंचने का षड्यंत्र था?
वजह जो भी हो...
हमें उसे रोकना होगा।

आश्चर्य!
काफी समय बीतने के बाद भी यह अभी तक होश में नहीं आया है।
आखिर मेरा डर सही साबित हो गया। लेकिन शुक्र है हमें ज्यादा देर नहीं हुई।

देर तो बहुत हो चुकी है लड़के।

धड़ाक

तेरी गोलियां मुझ पर व्यर्थ हैं लड़की! और तुझ पर कोई भी घातक वार ना करना मेरी मजबूरी है।

लेकिन तू रास्ते में ना आए इसका इंतजाम तो मुझे करना ही होगा!

अंगुंगूं...
गुंग...ग...
मरने को तैयार हो जा लड़की।
एक्वो का रास्ता रोकने का अफसोस अब दूसरी दुनिया में जा कर करना।
स्वांप

हियाह!
कोई और तरीका आजमा कर देखना है तो वह भी करके देख ले लड़के!

लेकिन इन हरकतों से तू अपनी मौत को कुछ क्षणों के लिए रोक सकता है, उससे बच नहीं सकता।

कब तक बचेगा लड़के!

तू जितनी उछल कूद मचाएगा, उतना ही तेरा शरीर थकेगा और जहां तेरा शरीर जरा भी चूका...

क्या हुआ लड़के? अपनी निश्चित मौत के डर से सारा जोश ठंडा पड़ गया जो इस समर्पण की मुद्रा में खड़ा है?
अब एक्वो से लड़ने का इरादा नहीं है?
नहीं एक्वो! मैं समझ गया हूं कि मैं तुमसे किसी भी हाल में जीत नहीं सकता!
और जिससे जीत ही नहीं सकते उससे लड़ना समझदारी नहीं है।
देर आया दुरुस्त आया! चल इसी बात पर मैं तुझे ज्यादा दर्दनाक मौत नहीं दूंगा!
तुमने मेरी बात पूरी नहीं होने दी एक्वो! मैं तुमसे लड़ूंगा नहीं इसका मतलब यह नहीं कि...
...मैं तुम्हें रोकने की भी कोशिश नहीं करूंगा।
य... यह क्या है? पेट्रोल!
डर के मारे तेरे दिमाग ने काम करना बंद कर दिया है तभी पानी पर पेट्रोल छिड़कने जैसा मूर्खता भरा काम कर रहा है तू!
कर ले! मरने से पहले जो जी में आए कर ले ताकि तेरे दिल में कोई मलाल...
ना रहे... अरे! कहां गया वह लड़का?
कहीं नहीं गया एक्वो! मैं यहीं हूं...

तुम्हारे पीछे!
तू वाकई पगला गया है लड़के! पहले पेट्रोल और अब बन्दूक। तू मुझे गोली से मारना चाहता है?
गलत! मैंने यह गन तुम पर फायर करने के लिए नहीं तानी है।
ठैंये

आााााााााा!

GOLD RESERVE, INDUSTRIAL AREA. RAJNAGAR.

कंकाल तंत्र और क्राइम कोर्ट के बारे में जानने के लिए पढ़ें ध्रुव के पूर्व प्रकाशित विशेषांक **मैंने मारा ध्रुव को** और **हत्यारा कौन**।

...तो ऐसी बेवकूफाना हरकत कभी ना करती।
चुम्बा के मैग्नेटिक ब्लास्ट्स से बचना कॉमेट। एक भी ब्लास्ट अगर तुमसे छू गया तो तुम्हारे शरीर को चुम्बक बनते देर नहीं लगेगी?
आऊ!
चाहूं तो कुछ ही पलों में इस लड़ाई को खत्म कर सकता हूं, लेकिन यह रोमांचक टकराव बार-बार देखने को नहीं मिलेगा।
थैंक्स चंडिका, मैं ध्यान रखूंगा!
वैसे भी यहां मुझसे टकराने वाला कोई है भी तो नहीं।
यह तो दुविधा हो गई, वैसे...
...मुझसे टकराने के बारे में तुम्हारे क्या विचार है।
तड़

तुम चीटिंग कर रही हो काली बिल्ली!

रिंग थ्रो में टारगेट एक जगह पर स्थिर होता है तुम ऐसे उछल-कूद करती रहोगी तो मैं टारगेट को हिट कैसे कर पाऊंगा?

उफ! वामन ने बच्चों की खेलने वाली थ्रोईंग रिंग्स में एक्सप्लोसिव्स डाल कर उन्हें खतरनाक बना दिया है।

लेकिन यह जितने मेरे लिए खतरनाक हैं...

...वामन के लिए भी उतने ही खतरनाक होंगे।

तुमने सही कहा वामन लक्ष्य अगर स्थिर हो...

...तो उसे भेद पाना आसान होता है।

ओफ्फ!

तुम्हारे बारे में जितना सुना था उससे लगा नहीं था कि तुम पर काबू पाना इतना आसान होगा।

और कोई भी चालाकी करने से पहले इतना जान लो कि शैतान बच्चों के साथ ब्लैक कैट बहुत बुरी तरह पेश आती है।

नहीं... नहीं! मैं अपनी हार स्वीकारता हूं!

वादा करता हूं कोई शरारत नहीं करूंगा।

मुझे पुलिस के हवाले कर दो।
लेकिन मुझे मेरी खिलौना हथकड़ी ही पहनाना, पुलिस की हथ-कड़ी चुभती है!

पिक पिक पिक
वैसे तुमने मेरे बारे में सुना है तो यह भी सुना होगा कि...

...बौना वामन हमेशा एक न एक ट्रिक बचा कर रखता है।
बूम

अब इस खेल में मुझे मजा आ रहा है।
लेकिन इसे खेलने का तरीका बदलना होगा...

...कुछ नया करना होगा।

अब जो खेल
हम खेलने जा रहे हैं वह
होगा चूहे-बिल्ली के खेल
की ही तरह....
बस इसमें
फर्क यह होगा
कि...
इस खेल में
बिल्ली अपनी जान बचाने
के लिए भागेगी।
"इस उछल कूद से
तुझे कोई फायदा नहीं
होने वाला..."

वैसे तुम मुझे कॉमेट कह कर बुलाओगे तो ज्यादा अपनापन लगेगा!

ओह नहीं! मेरा मैग्नेटिक ब्लास्ट कंट्रोलर!

ओह! मुझे लगा था तुम्हारी शक्तियां वैज्ञानिक होंगी।

लेकिन तुम तो कण्ट्रोल नष्ट होने के बाद भी वार करने को तैयार हो।

पेट में मारी गई किक का असर दिमाग पर भी होता है आज पता चला!

कण्ट्रोल नष्ट होने का अर्थ यह नहीं कि चुम्बा असहाय हो गया!

चुम्बा सम्राट की शक्तियां...

यह मैग्नेटिक ब्लास्ट तुम्हारे मस्तिष्क के रक्त संचार को अवरुद्ध कर देगा और कुछ ही क्षणों में तुम्हें मिलेगी एक दर्द-नाक तड़पती मौत।
तुम इस लड़ाई को बेवजह लंबा खींच रही हो चंडिका।
बचने की कोशिशें कर तुम अपनी जिंदगी कुछ ही मिनट और बढ़ा पाओगी!
उसके बाद मरना तो तुम्हें है ही।
उफ! तुझे इस तरह की मुसीबतों से निपटने के लिए भी तैयार हो कर आना चाहिए था श्वेता।
अपने आस-पास की वस्तुओं का प्रयोग कर अपने आप को कब तक बचा पाऊंगी...
अपने आस-पास की चीजें...
यह वाटरहाइड्रेंट ध्वनिराज को काबू करने में मेरी मदद कर सकता है।

लड़ाई वाकई लंबी खिंच गई थी ध्वनिराज, अब इस लड़ाई को खत्म करने का वक्त आ गया है।

...क्यों न कुछ समय के लिए तुम अपनी प्यारी सोनिक केनन के मीठे सपनों में खो जाओ!
एक मुसीबत कम हुई। अब चलकर अपने साथियों की मदद की जाए।
तुम्हारी मौत का मुझे भी उतना ही दुःख होगा कमांडो जितना कि औरों को. आखिर तुमसा दुश्मन मुझे अब कहां मिल पाएगा।
अफसोस हमारी आखिरी मुलाकात बेहद कम समय की रही।
भगवान तुम्हारी आत्मा को शां...
जताक
...ती इईयायाया

अपने ही वार से होने वाले दर्द को महसूस करना कैसा लग रहा है चुम्बा?

मेरा पैर.. मेरा पैर!

मेरा नाम है कॉमेट, सिर्फ कॉमेट!

आह! सुन्दर होने के साथ जांबाज भी है तू! और मुझे दोनों ही तरह की लड़कियां पसंद हैं। लेकिन मुझे शोर-शराबे, धूम-धड़ाके वाली लड़ाई पसंद नहीं।

इसलिए मुझसे दो-दो हाथ करने का विचार तुझे त्यागना होगा।

और हां! एक बात और...

लेकिन तेरे लिए मैंने कुछ और सोच रखा है!

कूं क्याऊं
यहां रुकना मूर्खता होगी! उम्मीद है तेरी दो-दो हाथ करने की उत्सुकता को शांत करने के लिए यह प्रतिद्वंदी काफी होगा।
कूं कूंर्रर्र
जाने की ऐसी भी क्या जल्दी है जनाब! कुछ मेहमान नवाज़ी जरा हमें भी कर लेने दीजिए।
अरे! यह मिशा को क्या हुआ ऐसे बदहवास हो कर क्यों भाग रही है?
चंडिका! भागो यहां से! भागो जल्दी!
हे भगवान! यह है क्या?

याआहहह!
आह! मेरा... मेरा शरीर तप रहा है! पीड़ा... भयंकर पीड़ा हो रही है मुझे!
इस तरह की पीड़ा का अनुभव तुम संभवतः पहली बार कर रहे हो, है न एक्वो?
इस पीड़ा से तुम्हें जल्द ही मुक्ति नहीं मिलने वाली है।
लेकिन परेशान मत हो! यह तुम भी जानते हो की यह आग तुम्हें खत्म नहीं कर सकती, बशर्ते कि यह आग तुम्हारे शरीर को भाप बना कर उड़ा ना दे!

आहहह!
पर ऐसा हो सकता है इसमें मुझे संदेह है!
तुम्हारे शरीर में पहुंच चुका पेट्रोल और तुम्हारे शरीर पर बनी हुई पेट्रोल की परत तुम्हें इस आग से छुटकारा पाने नहीं देगी।

खास कर तब तक, जब तक कि तुम पेट्रोल के इस तालाब में गोते लगाते रहोगे! कई गेलन पेट्रोल में लगी इस आग को तुम बुझा पाओगे मुझे इस पर भी संदेह है!
वैसे भी पेट्रोल की आग पानी से नहीं बुझाई जा सकती और...
...और जब तक तुम यह आग बुझा पाओ तब तक तुम्हारा पक्का बंदोबस्त करने का कोई ना कोई तरीका हम खोज ही लेंगे।
आहहह!

नताशा! होश में आओ नताशा! आंखें खोलो!
इसकी सांसें और नब्ज चल रही हैं! इसे मेडिकल अटेंशन की जरूरत है।
नताशा के ट्रांसमीटर पर किसी से संपर्क करके मेडिकल टीम को बुलाना होगा।
हैलो! क्या कोई मुझे सुन पा रहा है?
इदस एन इमरजेंसी!
में इस वक्त लिंक रोड नंबर दो पर हूं! यहां फौरन मेडिकल टीम को भेजें।
इस रूट की सभी लाइनें लड़ने में व्यस्त हैं। कृपया किसी खाली लाइन पर संपर्क करें!
चंडिका! क्या यह तुम हो? वहां की स्थिति कैसी है?
सुनो! यहां नताशा को मेडिकल अटेंशन की जरूरत है। फौरन किसी...
तुमने गलत नंबर डायल किया है मिस्टर!
क्योंकि यहां स्थिति जल्द ही गंभीर रूप से चिंताजनक होने वाली है।
और जो कुछ मैं सामने देख रही हूं उसके बाद शायद हमें भी मेडिकल अटेंशन की जरूरत पड़ जाए!
ओफ्फ!
या शायद उसकी नौबत ही ना आए...

सॉरी! पर तुम्हें दूसरी फ्रीक्वेंसी पर संपर्क करना...
सही कह रही है लड़की!
तुझे दूसरी फ्रीक्वेंसी पर संपर्क करना चाहिए!
और इस वक्त तुझे जहां से मदद मिल सकती है उस फ्रीक्वेंसी को यमराज ऑपरेट करते हैं।
लेकिन वह फ्रीक्वेंसी आउट ऑफ रीच है इसलिए तुझे मदद मांगने यमराज के पास खुद जाना होगा।
और वहां जाने में मैं तेरी मदद किए देता हूं!

यहां से कौन कहां जाएगा...

...यह वक्त ही बताएगा!

तुम!

INDUSTRIAL AREA.

ताड़!

मिशा! चंडिका! तुम दोनों यहां से जाओ। फौरन।
मैं तुम्हें छोड़ कर कहीं नहीं जा रही कॉमेट।
और ना ही मैं! इस मुसीबत का सामना करने में तुम्हें हम दोनों की मदद की जरूरत पड़ेगी...

...और शायद ब्लैक कैट की भी!
आया रे खिलौने वाला खूनी खिलौने ले के आया रे।
बिल्ली हो कर इस खेल में चूहे की जगह भागना कैसा लग रहा है ब्लैक कैट?

इस मिनी लड़ाकू विमान से पीछा छुड़ाना होगा...
लेकिन कैसे?
जब तक यह हवा में इतनी ऊंचाई पर है इससे निपट पाना...

...इससे निपटने का एक तरीका मुझे समझ आ रहा है. बस किस्मत साथ दे जाए!
तेरा दिमाग खराब हो गया है लड़की. तू मुझे इस रस्सी से कैद करने की सोच रही है?
क्यों अपनी कमनीय काया को कष्ट देने पर उतारू है लड़की?
यह सूट मेरे साथ-साथ तुझे भी उड़ा ले जाने की क्षमता रखता है।
तू इस सूट की शक्ति से जीत नहीं पाएगी..
संघर्ष करना छोड़ दे!
ठीक है वामन! तुम कहते हो तो...
...छोड़ देती हूं!

मुझे यकीन है हवा में होने के कारण बिजली का यह झटका तुम्हारे लिए जानलेवा साबित नहीं होगा वामन!

वामन का टॉय शो तो यहीं स्टॉप हो गया, अब मुझे बाकियों को देखना चाहिए...

हो सकता है उन्हें मेरी...

...मदद की जरूरत पड़े!

इस टोर्नेडो में आज तक जो भी फंसा है इससे जीवित बाहर नहीं निकल पाया...

अफसोस तुम्हारा यह कीर्तिमान तुम्हारे अभिमान के साथ तुम्हारी ही तरह...

...खिल-खिल हो कर बिखर जाएगा!

तू जितनी बार मुझे बिखेरेगा उतनी बार मैं फिर खड़ा हो सकता हूं स्वर्ण-मानव!

मैं जानता हूं...

...इसीलिए पिछली बार की गलती को दोहराऊंगा नहीं मैं!
तुमसे टकराव की स्थिति पुनः उत्पन्न होने की आशंका के चलते...

...कुछ तैयारियों के साथ आया था मैं।
तुम्हारा इससे बाहर निकलना असंभव है।

...और ना ही तुम्हारे प्रहार इसकी सख्त सतह को तोड़ने में सक्षम हैं।
मुझे यहां कैद करके इतना खुश मत हो स्वर्ण-मानव! एक्वो को कैद रखना...

...असंभव है।
मैं यह भी जानता हूं! लेकिन इस बार तुमसे जुदा तुम्हारी एक-एक बूंद को तुमसे मिलवाने का प्रण लिया है मैंने!

यहां मौजूद तुम्हारा हर कतरा अब मेरी कैद में है एक्वो...
वक्त आ गया है कि तुमसे अलग तुम्हारा हर रूप अब एक हो जाए।
ताकि मैं पिछली बार हुई भूल को सुधार सकूं!

मैं... मैं अपना रूप कायम नहीं रख पा रहा!
शरीर के अणुओं के विखंडन के बाद तुम्हारा ऐसा कर पाना असंभव है एक्वो!

क्या तुम ठीक हो मानव?
ह... हां... मैं ठीक हूं!

धनंजय!
ध्रुव... क्या यह तुम हो?
तुम इस हाल में?
लेकिन मैंने सुना था कि...
...कि मैं अब इस दुनिया में नहीं हूं!

अभी कुछ समय पहले मुझे भी यही बताया गया कि मैं इस दुनिया में नहीं हूं!
शुक्र है मुझे मिली खबर झूठी थी! तुम्हें जीवित देख कर मैं अत्यंत खुश हूं!
यकीन मानो मुझसे ज्यादा खुश नहीं होगे!
लेकिन यह सब कैसे और क्यों?
बहुत से क्यों, कब और कैसे हैं जिनके जवाब मुझे भी नहीं पता।

...जिनमें से एक बड़ा सवाल यह है कि जो भी इस प्राणी को पाना चाहता है उसे इस प्राणी के बारे में और मैक्सिमम सिक्योरिटी जोन का पता कैसे मालूम हुआ?

यह मेरे लिए भी उतनी ही परेशानी वाली बात है जितनी कि तुम्हारे लिए।
लेकिन अच्छी बात है कि दुश्मन अपने इरादों में कामयाब नहीं हो पाया।
परन्तु इस प्राणी को अब किसी अन्य सिक्योरिटी जोन में रखना उचित नहीं होगा! मुझे इस प्राणी को अपने साथ ले जाना होगा ध्रुव...

तुम्हें तकलीफ उठाने की जरूरत नहीं है धनंजय!
इसकी देखभाल मैं खुद कर लूंगा।
INDUSTRIAL AREA.
क्या बना दिया है डॉक्टर वायरस ने इसे?
ओह नहीं! पाइप टेढ़ा हो गया लेकिन इस पर कोई असर नहीं!

पता नहीं इस अजीब-ओ-गरीब मुसीबत पर गोलियां काम करेंगी या नहीं!
लेकिन कोशिश करके देखने में कोई हर्ज नहीं है!
कॉमेट! मिशा! चंडिका! दूर हट जाओ उस कुत्ते से!
तड़तड़तड़तड़
तड़तड़तड़तड़
ओह नहीं! गोलियों ने उसका कुछ बिगाड़ा तो नहीं लेकिन उसका ध्यान मेरी ओर जरूर आकर्षित कर दिया है!

मुझे नहीं लगता यह गन इसके जबड़ों में ज्यादा देर तक सही सलामत रह पाएगी, और उसके बाद नंबर लगेगा मेरी हड्डियों का!
बिल्ली की मौत का श्रेय एक कुत्ता ले जाएगा! लानत है।
ब्लैक कैट! इसे बाहर से खत्म कर पाना शायद मुमकिन ना हो! लेकिन भीतर से यह अभेद्य नहीं होगा।
सॉरी डॉगी! पर ब्लैक कैट की हड्डियां चबाना इतना आसान नहीं है।
उम्मीद है इसके बाकी शरीर की ही तरह इसके पेट का हिस्सा उतना कठोर नहीं होगा।

हियाह!
भागो सब यहां से!
बम किसी भी समय...
फट सकता है!
धड़ाम

चलो! इस मुसीबत से भी पीछा छूटा और चारों सुपर खलनायक भी हमारी गिरफ्त में हैं।
राजनगर में हालात काफी हद तक काबू में हो गए हैं।
हां! काफी हद तक, लेकिन पूरी तरह नहीं!
ध्रुव के अनुसार मैक्सिमम सिक्योरिटी जोन से जुड़ा खतरा अभी भी बरकरार है!
मैक्सिमम सिक्योरिटी जोन! अब भला यह क्या नई मुसीबत है?

क्या नारका जेल में एलियंस भी कैद थे जिन्होंने अपने साथियों को राज-नगर पर हमला करने के लिए बुला लिया है? और "ध्रुव के अनुसार" से क्या मतलब? ध्रुव तो...
शायद जिंदा है! हां! अभी कुछ देर पहले ही हम एक कैदी से मिले हैं जो अपने ध्रुव होने का दावा कर रहा है।
उसने अपने दावे को सिद्ध करने के लिए जो बातें कहीं फिलहाल उन्हें सच मानने के सिवा हमारे पास कोई और रास्ता नहीं है!

ध्रुव? कैदी के रूप में?
क्या मजाक है।
काश यह मजाक होता।
लेकिन अभी पक्के तौर पर कुछ भी कहना मुश्किल है! हो सकता है वह किसी षड़यंत्र का हिस्सा हो।

लेकिन यह तो तय है कि हम अभी निश्चिन्त होकर नहीं बैठ सकते! हमारे सामने और भी मुसीबतें आ सकती हैं।
सामने ही नहीं, मुसीबत पीछे से भी आ सकती है! जरा अपने पीछे भी देख लो!

हे भगवान! यह उस बम से भी नहीं मरा! आखिर यह है क्या?
डॉक्टर वायरस के वायरस का असर लगता है।
सिंपल एक्शन में यह लिविंग डेड वाला कांसेप्ट मुझे रत्ती भर भी नहीं भा रहा!
अगर इस कुत्ते के काटने के कारण मैं भी आदमखोर जोम्बी में बदल गई तो प्लीज डॉक्टर वायरस को स्पेशल वाली नरकाग्नि में जलाना भगवान, यह मेरी रिक्वेस्ट है आपसे!
कमाल है! उस बम के धमाके ने इसके पेट के साथ इसका दिमाग भी खोल दिया है।
यह मेरे फेंके हुए बॉम्ब्स से बचते हुए आगे बढ़ रहा है!
सभी संभव प्रयास तो हमने कर लिए अब इस बला से भला निपटें भी तो कैसे?
है! भगवान की सर्विस तो बड़ी फास्ट हो गई है!
रिक्वेस्ट तो वायरस के लिए की थी लेकिन नरकाग्नि ने सही टार्गेट को भस्म किया है।
लेकिन यह अग्निवार किया किसने?
मैंने!
तुम... तुम लोग यहां? क्यों? कैसे?

ELSEWHERE: RAJNAGAR.
रोबो!
ग्रेण्ड मास्टर रोबो!
तो यह सब तुम्हारा किया धरा है, तुम हो इस सारे ब्रेकआउट ड्रामे के पीछे!
यह तुम्हारा नजरिया है ध्रुव! लेकिन सच तो यह है कि...
....इस पूरी ब्रेकआउट सिचुएशन के सूत्रधार तुम हो।
क्या बकवास कर रहे हो तुम?
फिर से नजरिए का फेर है ध्रुव!
तुम्हारे लिए यह एक बकवास हो सकती है, लेकिन यही तो सच है!
किसी भी आसानी से सुलझ सकने वाली समस्या को तुम अपने घमंड... या कहें अपनी रक्षक वाली छवि को बरकरार रखने के लिए इतना मुश्किल बना देते हो कि, कई बार तो उस स्थिति से निपट पाना खुद तुम्हारे लिए संभव नहीं हो पाता होगा!
और इसका खामियाजा राजनगर की जनता को भुगतना पड़ता है, इसका उदाहरण इस ब्रेकआउट से बेहतर और क्या होगा?
राजनगर में असली खलनायक तो तुम ही हो ध्रुव! सबसे बड़े खलनायक!

तुम्हारी बकवास सुनने का वक्त नहीं है मेरे पास!

क्यों किया तुमने यह सब? क्या **मकसद** है तुम्हारा इस प्राणी को हासिल करने के पीछे!

धैर्य से काम लो ध्रुव!

सही कहा तुमने!

दुनिया में कोई भी काम बिना **मकसद** के नहीं किया जाता।

इस प्राणी को पाने के पीछे मेरा भी मकसद था, या कहूं कि है!

इस प्राणी के अंदर मौजूद **विशुद्ध** उर्जा, जो मुझे जीवित रख सकती है।

यह बात तुमसे छिपी तो नहीं है ध्रुव कि अपनी बीमारी के चलते मैं अपने जीवन के आखिरी दिन काट रहा हूं।

तुम जानते ही हो कि मेरे दिल ने काम करना **बंद** कर दिया है और मुझे जीवित रखने के लिए मेरे डॉक्टर्स ने मुझे यह **कृत्रिम दिल** लगा कर दिया है।

"जिंदा रहने की अपनी इसी जद-ओ-जहद के चलते मैंने अपने डॉक्टर्स से मेरे क्लोन **प्रोडक्ट** को बनवाया, लेकिन किस्मत और **मेकअपकर** की वजह से प्रोडक्ट मेरे हाथ से जाता रहा।"★

"प्रोडक्ट की **असफलता** ने मुझे मजबूर किया कोई और तरीका ढूंढने का जिससे मैं इस बीमारी से **छुटकारा** पा सकूं!"

★ जानने के लिए पढ़ें पूर्व प्रकाशित कॉमिक्स **स्टेच्यू** और **गेम ओवर**!

"मेरे वैज्ञानिकों और डॉक्टर्स की टीम ने मिल कर मेरे कृत्रिम दिल की **रिप्लेसमेंट** को ढूंढ निकाला, उस आर्टिफिशियल फाइबर चेम्बर हार्ट का एक **उन्नत डिजाईन!**"
"जिसके सहारे मैं अपनी इस बीमारी से निजात पा सकता था!"
"मेरे डॉक्टर्स ने मेरी **आधी समस्या** तो दूर कर दी थी लेकिन समस्या तो फिर भी **मौजूद** थी ही।"
"उस डिजाइन की खामी थी उसका लिमिटेड पॉवर सोर्स।"
"हर चार-पांच महीनों के बीच एक डर के साथ जीना मेरी फितरत में नहीं है।"
"लेकिन मौत अगर **आंख मिचौली** खेलने का मन बना ही चुकी हो तो कोई कुछ नहीं कर सकता।"
"लेकिन अभी मेरी किस्मत में मरना नहीं लिखा था!"
हमारा **एनर्जी डिटेक्टर** एक **पॉवरफुल एनर्जी सोर्स** के सिग्नल्स कैच कर रहा है।
इसके विश्लेषण के मुताबिक यह स्त्रोत अगले हजार सालों तक राजनगर को **निर्बाध्य** रूप से उर्जा प्रदान कर सकता है।
अगर हमें यह एनर्जी मिल जाए तो आपके कृत्रिम दिल के एनर्जी सोर्स की समस्या **हमेशा** के लिए खत्म हो जाएगी।

"हम बिना समय गंवाए उस स्थान पर पहुंचे लेकिन वहां जैसा हमने सोचा था वैसा कुछ भी नहीं मिला!"
"लेकिन उस स्थान पर मौजूद एनर्जी सिग्नेचर्स इस बात की पुष्टि कर रहे थे कि वहां कुछ था जरूर!"
"आस-पास के स्थानों की छानबीन और पूछताछ करने पर आखिर पता चल ही गया कि तुम्हारे कहने पर वहां से सब कुछ समेट कर राजनगर साइंस एंड रीसर्च लैब ले जाया जा चुका है।"
"लेकिन मरने का डर कभी भी इंसान को चैन से बैठने नहीं देता!"
"मंजिल के इतने करीब आ कर भी खाली हाथों लौटने का एहसास होने लगा!"
"उनकी बातों की पुष्टि करने के लिए मैंने लैब पर दो तीन हमले भी करवाए जिन्हें तुमने ही नाकाम किया था!"
"मैंने लैब वर्कर्स से जानने की कोशिश की, सभी ने किसी एलियन या दूसरे आयाम के प्राणी के होने की बात कही, लेकिन इस वक्त वह कहां है इसकी जानकारी होने से इनकार कर दिया!"
"लेकिन हमले तो किए ही थे नाकाम होने के लिए! तय हो गया था कि वह प्राणी उस रिसर्च लैब में नहीं था!"
"अब अगर मुझे उस प्राणी के बारे में कोई बता सकता था तो वह तुम थे!"
"लेकिन तुमसे वह जानकारी हासिल करना असंभव था।"

"लेकिन किस्मत खुद मुझे मौका देना चाहती थी!"
"तुम्हारी कैंडेट के कोमा में जाने की वजह से तुम मुझे पागलों की तरह पूरे राजनगर में ढूंढ रहे थे! उसी समय मैंने वह प्लान बनाया!"
"मेरे एक विश्वास पात्र की आंखों में लेजर आई फिट करवा कर उसे रोबो के रूप में मैंने तुम्हारे सामने पेश कर दिया।"
"लेकिन अपराधियों में तुम्हारे नाम का डर दुनिया में पाए जाने वाले किसी भी डर से कहीं ऊपर होता है।"
"उसके इस डर को उसके दिल-ओ-दिमाग से निकालने के लिए और तुम्हारी मार खा कर वह सच्चाई न उगल दे इसलिए मैं उसे पॉवरफुल ड्रग का कैप्सूल दे चुका था जो उसका शरीर और उसकी ताकत दोनों कई गुना बढ़ा देता!"
"इससे कुछ खास फायदा नहीं होना था लेकिन मुझे अपनी योजना को अंजाम तक पहुंचाने का समय मिल जाता!"
"योजना का अगला चरण था मेरी और तुम्हारी झूठी मौत!"
"अल्बर्ट ने एक कम प्रभाव वाले रॉकेट से तुम पर हमला किया जो कि तुम्हारे लिए जानलेवा साबित नहीं होता!"
"लेकिन वह वह कोई आम रॉकेट नहीं था।"

"रॉकेट में एक खास ड्रग की गैस भरी हुई थी जो एक निश्चित समय के लिए अपनी चपेट में आने वाले के दिल की धड़कनों को लगभग शून्य कर देती है!"
"इंसान मरता तो नहीं है लेकिन कोई भी मेडिकल चैकअप उसके जीवित होने की पुष्टि नहीं कर सकता!"
"इस सारे ड्रामे में जो किरदार मेरा डाला हुआ नहीं था वह थी नताशा!"
"नताशा के होते मैं जो चाहता था उसे कर पाना आसान नहीं था! मुझे नताशा को मनाना पड़ता!"
"लेकिन उसकी जरूरत नहीं पड़ी!"
"तुम्हारे पहले से ही घायल शरीर और नकली रोबो पर उस गैस ने तत्काल प्रभाव डाला!"
"लेकिन नताशा उस गैस के प्रभाव में ना आए इसके लिए मैंने उसे बचाने के लिए एंटीडोट का इंजेक्शन लगवा दिया था!"
"सारे चैकअप्स और टेस्ट्स के बाद तुम्हें और मुझे मृत घोषित कर दिया गया!"
"उसके बाद सिर्फ एक ही काम बाकी था! तुम्हारी बॉडी को एक नकली डेड बॉडी से बदलना! वह काम भी बिना व्यवधान के कर लिया गया!"
"दुनिया की नजरों में तुम वाकई में मारे जा चुके थे!"

"और साथ ही मैं भी!"
"अपने कुछ विश्वासपात्रों और साइंटिस्ट्स की टीम ले कर मैं पूरी तरह अंडरग्राउंड हो गया!"
"प्लान के पहले सफल चरण के बाद दूसरे चरण में मेरे हाथ लगी सिर्फ असफलता!"
"मेरे साइंटिस्ट्स को यकीन था कि वे तुम्हारे दिमाग से हमारी जरूरत की जानकारी निकालने में कामयाब हो जाएंगे।"
"बेहिसाब टॉर्चर, माइंड कण्ट्रोल थेरेपी और ड्रग ट्रीटमेंट भी तुम्हारी इच्छा-शक्ति के आगे नाकारा साबित हुए!"
"इस बीच तुमने वहां से भागने की कई कोशिशें भी कीं, लेकिन नाकाम रहे।"
"प्लान में कुछ बदलाव किए गए!"
"हमने तुम्हारा क्लोन बना कर उसे तुम्हारी जगह राजनगर भेजने का फैसला किया!"
"मेरा नाम लेकर अपनी झूठी मौत की एक और झूठी कहानी बना कर मेरे द्वारा बनाए गए ध्रुव को राजनगर में तुम्हारी जगह स्थापित होने में कोई दिक्कत नहीं आती!"
"लेकिन यह तब संभव हो पाता जबकि तुम्हारा क्लोन हर मायने में तुम्हारे बराबर होता!"
"लेकिन तुम्हारा क्लोन सिर्फ दिखने में तुम्हारे सामान था, उसकी बुद्धि किसी नवजात शिशु की ही तरह थी।"

"क्लोनिंग मशीन तुम्हारा क्लोन तो बना रही थी लेकिन तुम्हारे जैसा **तेज दिमाग, सूझ-बूझ, फुर्ती** यह सारी खूबियां उनमें नदारद थीं! वजह थी तुम्हारी मेमोरी जो उन क्लोन्स में नहीं थी!"

"उन्हें ट्रेन करने में सालों लग जाते, लेकिन इतना समय मेरे पास नहीं था!"

"हर सोची हुई चाल उलटी दिशा में जा रही थी!"

"तब कई असफल कोशिशों के बाद **आखिरकार** हम तुम्हारे ऐसे क्लोन को बनाने में सफल हुए जिसके दिमाग में तुम्हारी कुछ मेमोरी भी मौजूद थी।"

"इस क्लोन को हमारे मुताबिक ट्रेन करना शायद हमारे लिए आसान होता, लेकिन उसे काबू करना उतना आसन साबित नहीं हुआ जितना सोचा था।"

उस पर तुम्हारी तात्कालीन मेमोरी हावी थी!"

"उसने भी तुम्हारी ही तरह विरोध करना शुरू कर दिया।"

"तब उसे काबू करने के लिए भी तुम्हें दिए जा रहे ट्रीटमेंट का सहारा लिया गया।"

"हाथ आया मौका हाथ से जाते देख मैं आपा खो बैठा।"
"क्रोधवश कब मैंने तुम्हारे कॉप्टर पर अपनी लेजर आई से वार किया मुझे खुद समझ नहीं आया।"
"गुस्से और अपनी हार के डर ने मेरे सोचने समझने की शक्ति कुंद कर दी थी।"
"लेकिन काफी देर हो चुकी थी!"
"तुम्हारा कॉप्टर नीचे उफनती नदी में गिर कर क्रेश हो गया।"
"तुम्हें और तुम्हारे क्लोन को ढूंढने की मैंने भरसक कोशिश की।"
"लेकिन ढूंढ पाया तो बस क्षतिग्रस्त हैलिकॉप्टर के अवशेष!"
"अपने हाथों से मैंने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी।"
"लेकिन ऐसी ही किसी परिस्थिति के लिए मैंने एक बैकअप प्लान तैयार कर रखा था!"

"उसके नेतृत्व की कमान सौंपी गई नताशा को! कमांडर आर्मी को पुलिस के ही सामान अधिकार प्राप्त थे!"

"लेकिन सारा काम बिना किसी रुकावट या व्यवधान के पूरा हो जाए ऐसा संभव ही नहीं है।"

"राजनगर का दूसरा रक्षक **फर्ज की मशीन इंस्पेक्टर स्टील** कमांडर फोर्स को पुलिस के समान अधिकार देने के खिलाफ था! आगे चल कर वह मेरे लिए मुसिबत बन सकता था।"

"लेकिन जब शहर का मेयर मुट्ठी में हो तो किसी इमानदार पुलिस ऑफिसर को रास्ते से हटाना कोई मुश्किल काम नहीं होता।"

"तब मेयर से मुझे मैक्सिमम सिक्योरिटी जोन के बारे में प्ता चला लेकिन वह जगह मेयर की पहुंच से भी परे थी।"

"कमांडर आर्मी में मौजूद मेरे आदमियों के द्वारा मैंने उस जगह का पता लगाने की कोशिश की जहां मुझे मेरे मतलब की चीज मतलब यह प्राणी मिल सकता था! लेकिन वे नाकाम रहे।"

"इससे पहले की मैं कुछ और कर पाता एक समस्या और खड़ी हो गई। मेरे चुनिन्दा विश्वासपात्रों में से एक बागी निकला उसने मेरे प्रतिद्वंदी को मेरे जिंदा होने खबर कर दी।"

"उसने अपने पूरे गैंग के साथ मुझ पर हमला कर दिया, मेरी आधी आर्मी उस हमले में मारी गई।"

"अपने मकसद में कामयाब होने से पहले मैं कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता था। बाकि बची आर्मी को अपने प्रतिद्वंदी और उसके गैंग के साथ मैंने खुद ब्लास्ट में उड़ा दिया।"

"लेकिन ऐसा करने से मैं बिलकुल अकेला पड़ गया।"

तब मैंने मास्टर एम का रूप धरकर हाथ मिलाया सुप्रिमो से! उसका विश्वास जीतने के लिए मैंने उसके एक न्यूक्लियर प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए कम दाम पर युरेनियम मुहैया करवाने के लिए एम्स्टरडेम में अपने जानकार से सौदा करवाया।
उसी के साथ मिलकर मैंने नारका जेल के कैदियों को फरार करवाकर नारका जेल को नष्ट करवाया।
नारका जेल के नष्ट होने के बाद नारका जेल का एकमात्र विकल्प मैक्सिमम सिक्यो-रिटी जोन ही हो सकता था।
और जैसा मैंने सोचा था वैसा ही हुआ! आखिर-कार मैं अपनी मंजिल के करीब पहुंच ही गया!
मंजिल के करीब पहुंचने का यह मतलब नहीं...
...कि मंजिल हासिल हो ही जाए, मिस्टर रॉबर्ट शीन उर्फ ग्रैण्ड मास्टर रोबो! यू आर अंडर अरेस्ट!
नताशा!
तुम मुझ पर गन ताने खड़ी हो नताशा! अपने ही पिता पर?
मेरे डैड एक दुर्घटना में मारे जा चुके हैं।
मेरे सामने इस वक्त वह वांटेड क्रिमिनल ग्रैण्ड मास्टर रोबो खड़ा है। जिसने अपना मकसद हल करने के लिए अपनी बेटी को सीढ़ी के तौर पर इस्तेमाल किया!
सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान को खतरे में डाला।
जानती हो नताशा मैं कभी तुम्हें रोबो एम्पायर के उत्तराधिकारी के रूप में क्यों नहीं देख सका?
तुम्हारी इसी कमजोरी की वजह से! तुम भावनाओं में बहुत जल्दी बह जाती हो।
पर खैर!...

मेरे पास इस सारे ड्रामे के लिए समय नहीं है।
ओफ्फ!
इस पल के लिए महीनों इंतजार किया है मैंने, मेरी मंजिल मेरे सामने है और उसे मैं हासिल करके रहूंगा।
इस प्राणी के अंदर मौजूद उर्जा का एक छोटा सा कतरा भी मेरे लिए काफी होगा।
जिसे मैं इस एनर्जी एबजॉर्बर कम कंटेनर में संग्रहीत कर लूंगा!
रुक जाइए डैड!
नहीं नताशा! रुको!
यह क्या? मैं अपना हाथ इस प्राणी से अलग नहीं कर पा रहा!
आ!!!
वहां से हट जाइए डैड...

आह!!!
छोड़ दीजिए... उसे!
ओफ्फ!
नताशा!!
आह!!!

यह क्या था? डैड ठीक तो हैं? कहीं कुछ...
शायद उस प्राणी के अंदर मौजूद ऊर्जा को रोबो की डिवाइस हैंडल नहीं कर पाई, जिससे डिवाइस में शॉर्ट सर्किट हो गया है।
रोबो! यह तो रोबो है! यह... भी जिंदा है इसका मतलब...
मतलब कैप्टेन और इसकी मौत का ड्रामा इसी का रचा हुआ था?
गलत! सुपर कमांडो ध्रुव!
शॉर्ट सर्किट तुम लोगों की जिंदगी में होने वाला है!

हाह! ऐसा एहसास मुझे अपनी जिंदगी में कभी नहीं हुआ। मुझे अपने भीतर नई-नई शक्तियां संचारित होती महसूस हो रही हैं।
बस रोबो, यह एहसास ज्यादा देर तक नहीं रहेगा!
...क्योंकि बेहोश होने के बाद कुछ भी महसूस नहीं होता।
अगर तुझे इस शक्ति का लेश मात्र भी एहसास होता तो तू ऐसा कभी न कहती लड़की।
तुझे इस शक्ति का एहसास करवाना ही होगा लड़की।

अद्भुत! अद्भुत है यह शक्ति! मैं इस शक्ति से कुछ भी कर सकता हूं! कुछ भी!
इस शक्ति ने तो जैसे मेरी सारी समस्याओं को समा-धान एक साथ ही कर दिया।
मैं चाहूं तो अपना अधूरा शरीर पूरी तरह पा सकता हूं!
अपने मशीनी अंगों को त्याग कर ग्रैण्ड मास्टर रोबो से पुनः रॉबर्ट शीन बन जाऊं!
लेकिन रॉबर्ट शीन को तो मैं बहुत पीछे छोड़ आया हूं! रॉबर्ट शीन का कोई अस्तित्व नहीं है! अस्तित्व में जो है वह रोबो है।
रोबो के ही नाम का रुतबा है! खौफ है! और रॉबर्ट उस नाम को, उस रुतबे को हमेशा के लिए खत्म कर देगा!
अंडरवर्ल्ड का बेताज बादशाह रोबो है। रॉबर्ट नहीं।
तो क्या रॉबर्ट मार देगा रोबो को, जिस तरह रोबो ने रॉबर्ट को मार दिया था?
तो क्या मर जाएगा रोबो और फिर से जन्म लेगा रॉबर्ट शीन??
नहीं! रॉबर्ट इतिहास है इतिहास ही रहेगा...

वर्तमान रोबो है और भविष्य भी रोबो ही रहेगा!!!
यह...यह आखिर हो क्या रहा है? रोबो के पास इतनी भीषण शक्तियां कहां से आ गईं?
रोबो के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं थी धनंजय, शायद यह सब उस प्राणी की शक्ति सोखने का नतीजा है! फ्यूजन!!
अगर यह शक्तियां इसके पास रहीं तो यह पूरी मानवजाति के लिए खतरा बन जाएगा!
हमें इसे रोकना होगा किसी भी तरह।
लेकिन इतनी भीषण शक्तियों से युक्त रोबो से बिना किसी शक्ति के टकराना मूर्खता होगी...
सही कहा!
...रोबो से वही मुकाबला कर सकता है जिसके पास उसी के सामान शक्तियां हों!
तेरे यह ऊर्जा प्रहार मुझे मामूली खरोंचों से ज्यादा कुछ भी नुक्सान नहीं पहुंचा सकते, और वे खरोंचे भी कुछ ही क्षणों में भर जाएंगी!
जैसे मैंने अभी-अभी उस प्राणी की ऊर्जा ग्रहण की है उसी तरह मैं तेरी भी ऊर्जा सोख सकता हूं, और साथ ही...

...उसी उर्जा से तुझ पर...
वार भी कर सकता हूं!
अब मेरे पास है असीमित शक्ति जिसके दम पर मैं कुछ भी कर सकता हूं और इस शक्ति के बल पर मैं राज करूंगा सम्पूर्ण संसार पर!
शुरुआत होगी राजनगर से!
संसार तो दूर की बात है रोबो! तुम अगर राजनगर के इस छोटे से हिस्से पर राज करने का सपना देखोगे तो वह भी कभी पूरा नहीं होगा!
ओह! नताशा!

मुझे तुमसे यही उम्मीद थी नताशा! इस जंग में अपने पिता को छोड़ दुश्मन का ही साथ दोगी तुम! तुम्हें मुझमें हमेशा एक पिता कम और एक अपराधी ज्यादा नजर आया! एक पिता का अपनी बेटी के प्रति प्यार तुमने हमेशा अनदेखा किया!
लेकिन अब जो मैं करूंगा तुम उसे चाह कर भी अनदेखा नहीं कर पाओगी!
यह दुनिया तुम्हारे लिए नहीं है नताशा यह दुनिया एक फरेब है! झूठ है! एक दिखावा है! और तुम्हें इस बात को मानना होगा...
तुम्हारी सही जगह रोबो आर्मी है नताशा!
वही तुम्हारा घर है और तुम्हें अपने घर वापस आना ही होगा!
और तुम्हें भी अपने असली घर...
...बड़े घर यानी जेल वापस लौटना ही होगा रोबो!
तू... तुझे तो मैं भूल ही गया था! भूल गया था मैं कि तू जब तक जिंदा रहेगा मेरा सोचा कभी पूरा नहीं हो पाएगा!

इसलिए कोई भी **कदम** उठाने से पहले तुझे खत्म करना होगा लड़के!

ओह! इसने **स्वर्णपाश** तक को किसी **कच्चे धागे** की तरह तोड़ दिया।

ओफ्फ!! तुम्हें कोई कदम उठाने की **जरुरत** पड़ेगी भी नहीं रोबो...

क्योंकि तुम यहां से अपने **पैरों** पर चलकर नहीं...

...बल्कि **स्ट्रेचर** पर ले जाए जाओगे!

तुम्हारा **बड़बोलापन** और तुम्हारे **पैंतरे**, शायद मुझ पर **किसी और समय** काम कर जाते ध्रुव! लेकिन **आज** नहीं!

क्योंकि आज मैं वह **पुराना** रोबो नहीं हूं...

...और आज मैं जो हूं वह तुम्हारी **कल्पना** से परे है।

और जो कल्पना से परे हो उसके बारे में कल्पना कर अपने दिमाग पर जोर डालना व्यर्थ है।

वैसे भी मरने के बाद चेतना-कल्पना सब शून्य हो जाती हैं।

और तुम तो पहले ही मर चुके हो। राजनगर वाले तो तुम्हारी मौत का मातम भी मना चुके।

तुम्हारे बिना **जीवन की कल्पना** ना करने वाले तुम्हारे बिना जीना **सीख** चुके हैं ध्रुव!

और तुम वापस आ कर उनकी **आत्म-निर्भरता** उनसे छीनना चाहते हो?

नहीं... ऐसा करना गलत होगा।

लेकिन इस गलत को सही मैं करूंगा!

तुम्हारी झूठी मौत को सच्चाई में बदल कर!
लेकिन राजनगर की जनता को तुम्हारे इतने बड़े बलिदान के बारे में पता कैसे चलेगा? वे तो तुम्हें पहचान भी नहीं पाएंगे? सोचेंगे की एक कैदी को अपने अपराधों की सजा मिल गई।
महान सुपर कमांडो ध्रुव एक आम कैदी की मौत मारा गया?
नहीं! तुम्हें लोगों द्वारा पहचाने जाने लायक बनाना होगा...
देखें, मुझे मिली शक्तियां इस चीज को संभव कर पाती हैं या नहीं?
वाह! कमाल की शक्ति है यह! मेरे सोचने मात्र से मैं कुछ भी कर सकता हूं!
कुछ भी!

और इसी शक्ति के बल पर मैं उस काम को अंजाम दूंगा जो मैं कभी नहीं कर पाया! तुझे मौत देने का काम!
अलविदा सुपर कमांडो ध्रुव!
मे योर सोल रेस्ट इन पीस!

यह सब क्या हो रहा है यहां?
रोबो! यह तो रोबो लग रहा है... मतलब यह... यह भी जिंदा है। सभी को झूठी मौत मरने का शौक चढ़ा हुआ है क्या?
तुम लोग!
तो मुझे रोकने के लिए सुपर हीरोज की पूरी टीम आई है! अच्छा है...
टीम से कोई और रह गया हो तो उसे भी बुला लो, लेकिन मुझे रोक पाना तुममें से किसी के भी वश का नहीं...
पूरी टीम तो यहां नहीं आ सकी। लेकिन...

मुझसे तुम्हारा काम चल जाना चाहिए?
कुछ कमी रह गई हो तो वह मैं पूरी कर देती हूं।
रही सही कसर मैं पूरी कर दूंगी।

मेरी आंखें धोखा खा रहीं हैं या...
...रोबो के घाव अपने आप भर गए!
अगर ऐसा है तो ग्रैण्ड मास्टर रोबो...
...अजेय हो गया है।

ध्रुव! क्या यह तुम ही हो? तुम्हें मेडिकल अटेंशन की जरूरत है।
यह सब आखिर हो क्या रहा है और तुम्हारी तरह दिखने वाला यह शख्स कौन है?
मैं... मैं ठीक हूं... अभी इन बातों के लिए समय नहीं है।
नताशा बेहोश है, रोबो... रोबो ने उसका ब्रेनवाश करने की कोशिश की थी...
लेकिन... ध्रुव!
मुझे कुछ नहीं होगा... नताशा को देखो...
नहीं!... नताश.. नताशा को मेडिकल अटेंशन की मुझसे ज्यादा जरूरत है।

कोई भी अजेय नहीं होता रोबो!!! आज नहीं तो कल उसे हार का मुंह देखना ही पड़ता है! और तुम्हें हराने के लिए किसी टीम की जरूरत नहीं है! तुम्हारे लिए कानून का यह सिपाही ही काफी है। तुम्हें गिरफ्तार किया जाता है।
रस्सी जल गई लेकिन बल नहीं गए।
तुम कानून के सिपाही थे स्टील!
अभी तुम एक मशीन में बंद दिमाग से ज्यादा कुछ नहीं हो! और रोबो को काबू करने के लिए...

...सस्पेंडेड स्टील के सिपाही से बढ़कर कोई चीज भी नाकाफी होगी!
"अगर मैं गलत नहीं हूं तो यह तुम्हारा कट्टर-शत्रु ग्रेण्ड मास्टर रोबो है।..."

...लेकिन मेरी जानकारी के मुताबिक रोबो में ऐसी शक्तियां नहीं थीं।
यह वही है या हमारा सामना किसी अनजान शत्रु से है?
यह वही रोबो है नागराज! कुछ ही समय पहले मिली इन शक्तियों का प्रयोग रोबो इतनी सहजता से कैसे कर पा रहा है इस प्रश्न का उत्तर देना मुश्किल है!
लेकिन इस समय यह किसी अनजान शत्रु से भी ज्यादा बड़ा खतरा नजर आ रहा है।
अगर यह शक्तियां इसे अभी प्राप्त हुई हैं तो उनका प्रयोग करने का पर्याप्त अनुभव इसे नहीं होगा!
मतलब इसे काबू करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा!
बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न हो जाए... अच्छाई से सदा पराजित होती ही है।

दो-तीन वार करके और मुझे इस शिकंजे में कैद करके तुम लोग सोचते हो कि जंग जीत गए हो...

...तो यह तुम लोगों की भूल है!

इस दुनिया पर मेरा राज कायम होने से कोई नहीं रोक सकता, कोई भी नहीं!!

तुम लोगों के वार मुझ पर टैंक पर पत्थर उछालने के सामान हैं। अपने शरीर को कष्ट देना बंद करो...

...और अपनी हार मान लो!

तुम अगर कहीं पर राज करोगे तो वह सिर्फ और सिर्फ जेल की कोठरी होगी रोबो! जिसमें तुम बंद रहोगे।
ओह! तो मेरा बनाया हुआ क्लोन भी है तुम्हारे साथ!
वैसे तुम दोनों में से असली कौन है?
खैर! जिसके सामने तुम्हारे शक्ति-शाली दोस्त नहीं टिक पाए तुम सोचते हो उसे तुम दोनों मिलकर हरा दोगे...
...तो यह तुम्हारी मूर्खता है।
हम ऐसा सोचते नहीं हैं रोबो!
बल्कि हम ऐसा...
...करेंगे भी!

इस पर निरंतर वार करते रहो... हमारे सम्मिलित प्रयास से शायद हम इसे काबू में कर सकें।

बस! बहुत हुआ!
अब तुम लोगों के साथ ही राजनगर के दर्दनाक अंत का मंजर तुम सभी अपनी आंखों से देखोगे।
और राजनगर के अंत का कारण बनेगा यह एनर्जी स्फेयर!
यह एनर्जी स्फेयर पहले वातावरण में मौजूद ऊर्जा को अपने अंदर खींचकर अपना आकार बढ़ाएगा!
कुछ ही मिनटों में यह एक फुटबाल ग्राउंड के जितना बड़ा हो जाएगा।
और फिर इसमें होगा एक जबरदस्त धमाका, जिसकी चपेट में पूरे राजनगर के साथ-साथ आस-पास के कई इलाके भी आ जाएंगे।
और यह सिर्फ एक चेतावनी भर होगी पूरी दुनिया को रोबो की सत्ता स्वीकार करने के लिए!

हे भगवान! अगर यह जो कह रहा है वह सच है तो राजनगर को तबाह होने से कोई नहीं बचा सकता।
रोबो में यह नई शक्तियां उस प्राणी की ऊर्जा खींचने की वजह से आई हैं।
वह उर्जा उसके कृत्रिम दिल को निर्बाध्य रूप से ऊर्जा प्रदान करने के साथ रोबो को असीमित शक्तियां भी दे रही है।
अगर हमें पता चल जाए कि रोबो यह सब कैसे पा रहा है तो हम इसे रोकने कि कोशिश कर सकते हैं।
कृत्रिम दिल! मतलब, पेस मेकर या फाइबर चेंबर हार्ट जैसा कुछ?

अगर ऐसा है तो शायद हमारे पास रोबो को काबू करने का एक तरीका या फिर कहें एक मौका है।
लेकिन उसके लिए हमें हाई स्पीड इन्टरनेट, एक कंप्यूटर और एक हैकिंग एक्स-पर्ट की आवश्यकता है।
लेकिन इन चीजों का इन्तजाम करने लायक वक्त हमारे पास है नहीं।

यह तीनो चीजें हमारे पास यहीं मौजूद हैं कॉमेट! तुम बस बिना समय गंवाए अपना प्लान बताओ!!
ठीक है!!! लेकिन हमारे प्लान में व्यवधान उत्पन्न ना हो इसलिए रोबो को व्यस्त रखना जरूरी है।

उसकी फिक्र तुम लोग मत करो! तुम लोग बस अपने काम में जुट जाओ! फौरन... बाकी का काम तुम हम पर छोड़ दो!
राजनगर का भविष्य और सैंकड़ो लोगों की जान तुम्हारे प्लान की सफलता पर टिके हैं कॉमेट! इसमें चूक की जरा भी गुंजाइश नहीं है।
हमारे पास कोशिश करके देखने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है ध्रुव।

स्टील! हमें तुम्हारी मदद की जरुरत है!
इस समय मैं इमरजेंसी बैकअप मोड पर हूं ध्रुव! इस स्थिति में मैं कोई भी हैवी एक्टिविटी नहीं कर सकता।
हमें तुमसे कोई हैवी काम नहीं कर-वाना है स्टील!
किसी सिस्टम से कनेक्ट होने में तुम्हें कितना समय लग सकता है?
सिस्टम अगर एनक्रिप्टेड है तो समय लग सकता है!
नॉन एनक्रिप्टेड सिस्टम से मैं कुछ ही सेकेंड्स में कनेक्ट कर सकता हूं!
वेरी गुड! तो ठीक है!
अपने सिस्टम्स को ऑनलाइन मोड पर सेट करो।
"ओ.के.! तुम्हें सबसे पहले रोबो की बॉडी स्कैन करके देखना है की रोबो की बॉडी में दिल की जगह अभी भी पेसमेकर लगा हुआ है या नहीं।"
"हां! मैं रोबो की बॉडी में पेस मेकर लगा हुआ देख पा रहा हूं! उस पेस मेकर का कनेक्शन एक अन्य डिवाइस से भी है।"
"वह एनर्जी एब्जोर्बर होगा! शायद उसी में रोबो ने पॉवर को कन्टेन कर रखा है।"
अब अपने सिस्टम को रोबो के सिस्टम से कनेक्ट करो।
तुम्हें पेस मेकर और पॉवर सप्लाई में शॉर्ट सर्किट करके रोबो को एक आर्टिफिशियल हार्ट अटैक देना है।
समझ गया!

उसकी जरुरत नहीं पड़ेगी!

इस पेन ड्राइव में वह सब कुछ है जो एक मजबूत एनक्रिप्शन को भेदने के लिए जरूरी है! और सबसे अहम बात कि यह प्रोग्राम लोड होने में बिलकुल भी समय नहीं लेता।

लेकिन तुम्हारे पास यह...

हर चीज की तैयारी करनी पड़ती है ध्रुव! पता नहीं कब, कहां, किस चीज की जरुरत पड़ जाए।

सवाल जवाब में समय व्यर्थ मत करो! समय वैसे भी हमारे पास है नहीं!

UPLOADING PROGRAM 15%

"आई होप कि तुम्हारा दिया गया प्रोग्राम काम कर जाए ब्लैक कैट।"

"क्योंकि अगर यह प्रोग्राम फेल हो गया तो हम सब फेल हो जाएंगे।"
UPLOADING PROGRAM 45%

UPLOADING PROGRAM 65%
"अच्छाई फेल हो जाएगी बुराई के आगे।"

UPLOADING PROGRAM 95%
UPLOADING PROGRAM 100%

REQUESTING ACCESS...
ACCESS GRANTED.
"और यह शुरुआत होगी मानवता के अंत की!"
SYSTEM OVERRIDE INITIATED.
WAITING...

SYSTEM OVERRIDE COMPLETE.
"ऐसा कुछ नहीं होगा ध्रुव।"

और रोबो के हार्ट और उसके पॉवर सोर्स में शॉर्ट सर्किट करने में मुझे लगेगा बस...

ईयााााााााााााााह!!

डैड! उठिए डैड! क्या हो गया आपको?
वह ठीक हैं नताशा!
बस एक माइनर सा हार्ट अटैक आया है। चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है।
तुमने एक बार फिर अपनी बुद्धि के बल पर असंभव को संभव कर दिखाया ध्रुव!
मैंने कहां कुछ किया, जो किया तुम सभी ने मिलकर किया।
लेकिन यह हुआ कैसे?
जब पहली बार रोबो ने उस प्राणी की उर्जा खींची थी तब उसकी उर्जा खींचते-खींचते अचानक वह असहज हो गया था और उसने अपने एनर्जी एब्जोर्बर कम कंटेनर को बंद कर दिया!
शायद जरूरत से ज्यादा ऊर्जा न तो एनर्जी एब्जोर्बर कन्टेन कर सकता था ना ही इस विशुद्ध उर्जा को रोबो का शरीर बिना किसी साधन के बर्दाश्त कर सकता था!
रोबो के शरीर में लगे फाइबर चेंबर हार्ट को एक कृत्रिम हार्ट अटैक देने के लिए पावर सोर्स में शॉर्ट सर्किट होने के साथ ही वह एनर्जी कंटेनर अपने आप शॉर्ट हो गया!
कंटेनर में निहित ऊर्जा को रोबो का शरीर बर्दाश्त नहीं कर पाया और रोबो के शरीर में निहित उर्जा वातावरण में विसर्जित हो गई!
लेकिन रोबो को काबू करने का यह तरीका कॉमेट ने सुझाया था और इस काम को अंजाम दिया है स्टील और ब्लैक कैट के सम्मिलित प्रयास ने!
हां! लेकिन स्टील से यह काम करवाने का सुझाव भी तुमने ही दिया था ध्रुव!
वर्ना हमारा प्लान शुरु ही नहीं हो पाता!

MOMENTS LATER.

...और इस तरह रोबो ने मेरी और खुद की झूठी मौत का ड्रामा रच कर इस प्राणी को हथियाने का षड़यंत्र रचा! और उसमें वह काफी हद तक सफल भी हुआ।

लेकिन अगर तुम ही ध्रुव हो तो तुम इतने दिनों तक थे कहां?

मुझे भी यह याद नहीं आ रहा था कि मैं कहां था। लेकिन रोबो की सुनाई कहानी के बाद मुझे सब याद आ गया।

"हेलिकॉप्टर क्रैश होने से पहले ही मैं अपने क्लोन मतलब कॉमेट को ले कर नदी में कूद चुका था!"

"लेकिन नदी का तेज बहाव मुझे कहां बहा ले गया और कॉमेट को कहां, पता नहीं चला।"

"मैंने अपने आप को एक घने जंगल से होती हुई नदी में बहता पाया।"

"वहां से बाहर निकल कर मैं राजनगर वापस जाने का रास्ता ढूंढने लगा।"
"रोबो के टॉर्चर और तमाम तरह की ड्रग्स ने मेरे दिमाग और शरीर को पहले से ही थका रखा था।"
"अपनी उसी हालत में मैं एक कार से टकरा गया।"
"मुझे होश आया तो मैंने खुद को एक हॉस्पिटल में पाया।"
"पहले से ही कमजोर मेरे दिमाग ने उस दुर्घटना में अपनी रही सही याददाश्त भी खो दी।"
"उसी हॉस्पिटल में इलाज के लिए आए कुछ अपराधियों से झड़प के चलते मुझे नारका जेल भेज दिया गया।"
"तब से मैं वहीं था! और इस ब्रेक-आउट में एक बिल्डिंग में लगी आग के हादसे के वक्त होश में आया।"
"बाकि की कहानी का हिस्सा तुम लोग भी हो तो वह बताने की जरुरत नहीं है।"

...लेकिन तुम लोग अचानक यहां कैसे आ गए नागराज?
तुम शायद मैक्सिमम सिक्योरिटी जोन में सिक्योरिटी ब्रीच के प्रति आगाह करने वाले अलर्ट सिस्टम को भूल गए हो, ध्रुव!
यह अलर्ट सिस्टम तुमने मुझे यह कह कर दिया था कि तुम्हारी अनुपस्थिति में मैक्सिमम सिक्योरिटी जोन की सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी है।
अलर्ट सिस्टम के सिक्योरिटी ब्रीच के प्रति अलर्ट करते ही मैं बिना समय गंवाए परमाणु और शक्ति के साथ चला आया!
लेकिन उस एनर्जी स्फेयर का क्या किया जाए?
क्या वह अभी भी हमारे लिए खतरा है?
रोबो के निष्क्रिय होने के बाद से उस स्फेयर का आकार बढ़ना बंद हो गया था। लेकिन हम कोई चांस नहीं ले सकते।
उस स्फेयर का कोई पुख्ता इंतजाम करना ही होगा।
मेरे पास एक उपाय है।
मैं उस एनर्जी स्फेयर को अंतरिक्ष की अनंत गहराईयों में छोड़ आऊंगी! जहां वह अनंत काल तक विचरता रहेगा और यदि उसमें विस्फोट होता भी है तो वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा।

इससे पहले कि इस प्राणी को ले कर कोई और मुसीबत खड़ी हो जाए मैं इसे अपने साथ ले जा रहा हूं!

विदा मित्रों!

हे भगवान! अगर मैं इस सारे घटनाक्रम का हिस्सा न रही होती तो इस पर यकीन करना मुश्किल होता।

यकीन तो मैं अभी भी नहीं कर पा रही हूं इस सब पर! लग रहा है जैसे सब एक सपना सा हो! ऐसा सपना जिसने ध्रुव को हमसे छीन लिया था। लेकिन जब आंखें खुलीं तो ध्रुव को अपने सामने पाया।

वादा करो तुम हमें छोड़ कर कहीं नहीं जाओगे ध्रुव!!

अफसोस वह तुमसे ऐसा कोई वादा नहीं कर पाएगा, नताशा!

क्योंकि मुर्दे ना तो वादा किया करते हैं और ना ही निभाया करते हैं।

नताशा!!
एक्वो!

नताशा! नताशा! क्यों बीच में आ गईं तुम? क्यों आ गईं बीच में?
क्यों किया तुमने ऐसा नताशा क्यों किया?

जो हुआ उसका मुझे खेद है ध्रुव! तुम दोनों एक दूसरे के कितने करीब हो यह बात मैं नताशा से पहली मुलाकात में ही समझ गया था!
लेकिन जो हुआ उसे रोकना हममें से किसी के वश में नहीं था ध्रुव! होनी हम सब से बलवान है। हम चाह कर भी उसे टाल नहीं सकते!
और भले ही अपराधिक प्रवृति वाला क्यों ना हो, रोबो भी एक पिता है! वह अपनी बेटी को कुछ नहीं होने देगा!
अपने आपको संभालो! अपने शहर, अपने घर राजनगर को संभालो, इसे तुम्हारी जरूरत है! और हमें भी इजाजत दो!

तुम कहां जा रहे हो?
वहीं जहां मेरी दुनिया है, मेरा घर है।
तुम्हारी दुनिया और तुम्हारा घर यहीं है कॉमेट! राजनगर में!
नहीं ध्रुव! राज-नगर तुम्हारा घर है, यह तुम्हारी दुनिया है और यहां तुम्हारे लोग हैं।
मैं यहां अपने अस्तित्व की खोज और एक दुविधा के चलते आया था ध्रुव, मेरे खुद के ध्रुव होने की दुविधा!
लेकिन मेरी दुविधा दूर हो गई! मैं ध्रुव नहीं हूं, मैं एक क्लोन हूं जिसे मशीन में बनाया गया है।
न मेरा कोई भाई है, न कोई बहन, न मां है, न पिता! इस दुनिया में आया लेकिन बिना जन्म लिए!
मैं समझ सकता हूं कॉमेट कि इस वक्त तुम कैसा महसूस कर रहे हो?
लेकिन अपने अतीत को जानने के बाद अपने वर्तमान से इस तरह भागना बुद्धि-मत्ता नहीं है।
मैं वर्तमान से भाग नहीं रहा बल्कि मैं उसे स्वीकार कर रहा हूं, और मेरा वर्तमान फीनिक्स है, मिशा है और वे लोग हैं जिन्होंने मुझे यह नाम दिया, कॉमेट! मुझे वहीं वापस जाना होगा जहां से मैं आया था! उम्मीद है तुम मेरी इस बात को समझोगे!

MOMENTS LATER.

थैंक यू रिचा! अगर तुम नहीं होती तो अपने जीवन की सबसे बड़ी उलझन से मैं कभी बाहर नहीं निकल पाता।

श!!!! रिचा नहीं ब्लैक कैट! यहां ब्लैक कैट का राज कोई नहीं जानता। इस राज को जानने वाले तुम पहले शख्स हो।

मुझे खुशी होती कॉमेट अगर तुम यहां हमारे साथ रुकते।

उम्मीद है यह हमारी आखिरी मुलाकात साबित नहीं होगी।

कॉमेट!

चलें! हमें देर हो रही है!

वैसे ही बिना परमिशन जेट को ले कर आने की वजह से हमें वापस जा कर ओमेगा के गुस्से का सामना करना पड़ेगा।

हाहाहा!

लेकिन तुमने तो कहा था कि...

मैंने झूठ कहा था वर्ना तुम मुझे न जेट लेने देते और न ही अपने साथ आने देते।

अभी भी यकीन नहीं हो रहा कि यह सब सच था!

हां! लेकिन मुझे कॉमेट हमेशा याद रहेगा!

और मिशा भी!

LATER.

कहां छोड़ कर चला गया था तू अपनी मां को, एक बार भी खयाल नहीं आया कि क्या होगा तेरी मां का?
छोड़ कर नहीं गया था मम्मी, बस हालात ने आप लोगों से दूर कर दिया था!
हे भगवान! कितना मेलो ड्रामा करते हैं यह लोग!
भैया की याददाश्त चली गई थी मम्मी! तो खयाल कहां से आता?
मां! बहुत भूख लगी है और महिनों से कुछ ढंग का खाया नहीं!

तेरे लिए मैंने आलू के परांठे पहले ही बना रखे हैं, तुम लोग बैठो मैं अभी ले कर आती हूं! चल श्वेता।
तू रहने दे बंदरिया तू हाथ लगाएगी तो स्वाद खराब हो जाएगा!
देखा मम्मी! भैया ने आते ही मुझे तंग करना शुरू कर दिया! इससे तो यह जेल में ही भला था।

मैं भी अब चलती हूं ध्रुव!
अरे! कहां जा रही हो? रुको कुछ देर!
नहीं ध्रुव! कुछ जरूरी काम हैं जिन्हें पूरा करना बहुत जरूरी है। मैं फिर आऊंगी!
हालांकि जाने का मन कर तो नहीं रहा।

मैं बता नहीं सकती तुम्हें वापस देख मैं कितनी खुश हूं।
ऐसा लग रहा है जैसे नई जिंदगी मिली हो मुझे और...
और!

हंह!!

STUDIO, BHARTI NEWS NETWORK, INDIA.

तो चल कर उन लोगों का सस्पेंस खत्म कर दें?

यह भी कोई पूछने वाली बात है?

कमांडो फोर्स की पुनर्स्थापना सभा हम तीनों के बिना वैसे भी अधूरी है!

जो कुछ भी है तेरे पास जल्दी से निकाल वरना...

मुझे.. मुझे छोड़ दो, मेरे पास कुछ भी नहीं है कसम से!

अरे! है कैसे नहीं जानेमन! कितना कुछ तो है तेरे पास देने के लिए!

तू अपनी मर्जी से नहीं देगी तो हम...

गड़ गड़ गड़ गड़

तुझे भी वही सुनाई दे रहा है मन्नू जो मुझे सुनाई दे रहा है!

हा.. हां सुक्खी! य...यह तो उसी स्पेशल बाईक की आवाज है!

गड़ गड़

लेकिन.. लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है? मैंने तो सुना था...

सुना तो मैंने भी था लेकिन अभी-अभी मैंने यह भी सुना है कि राजनगर में वापस आ गया है...

सुपर कमांडो ध्रुव!
अबे! तो पहले क्यों नहीं बताया मरदूद!
वाऊ! सुपर कमांडो ध्रुव! सुपर कमांडो ध्रुव राजनगर में लौट आया है।
लव यू ध्रुव!
BEGINING OF A NEW ERA.

क्या स्टेटस है डॉक्टर?
स्टेटस स्टेबल है मास्टर! पहले की अपेक्षा उसके विरोध करने की फ्रीक्वेंसी कम हो गई है।
गुड! मतलब जल्द ही यह हमारे मुताबिक काम करने के लिए तैयार होगा।
हां! लेकिन कितनी जल्द यह कहा नहीं जा सकता!
अभी हमें इस पर कुछ और टेस्ट्स करने बाकी हैं उसके बाद ही पक्के तौर पर हम कुछ कह सकते हैं।
कोई बात नहीं! हमें कोई जल्दी नहीं है।
लेकिन तुम लोग अपना काम जारी रखो! हमें कभी भी इसकी जरूरत पड़ सकती है।
ना!!!!
छनाक!
यह नहीं हो सकता!

समाप्त?

ग्रीन पेज 317

प्यारे कैडेट्स, सैल्यूट,

आपने अभी-अभी 4 भाग की कॉमिक्स सीरीज 'सिटी विदाउट ए हीरो' का अंतिम भाग 'लास्ट स्टैंड' पढ़ा। श्री क्षितीश पाढ़ी जोकि सुपर कमांडो ध्रुव की सभी शुरूआती कॉमिक्स का इंग्लिश रूपान्तर कर रहे थे, ध्रुव के लिए उनके दिमाग में शानदार आइडिया उपजा। वो उस आइडिया को मेरे पास लाए। आइडिया मुझे पसंद आया और मैंने उन्हें उसे विकसित करने को कहा। लेकिन किन्हीं निजी कारणोंवश वो उस पर काम नहीं कर पाए तब उस आइडिया को लेखक श्री मंदार गंगेले जी को सौंप दिया गया। मंदार जी ने उस आइडिया को विकसित किया। आइडिया यह था कि क्या हो यदि राजनगर जिसे ध्रुव ने अपना खून-पसीना बहा कर संवारा है, वही राजनगर उसकी अनुपस्थिति में उसकी विचार धारा के अनुरूप बना रह पाएगा या चरमरा जाएगा? राजनगर वासी उसके बनाए हुए आदर्श 'सत्य, इंसाफ, अहिंसा, विधि एवं व्यवस्था सर्वोपरि' का अनुसरण करेंगे या चारों ओर अव्यवस्था का राज होगा? उसके द्वारा बनाया गया सुरक्षा तंत्र उसके प्रिय राजनगर वासियों को निर्भयता का अहसास प्रदान करने में सफल रहेगा या ध्वस्त हो जाएगा?

राजनगर के लिए ध्रुव ने आज तक जो भी किया, वो था व्यवस्था में विश्वास बनाना, नैतिकता का अनुसरण करना, आत्मविश्वास जागृत करना, कैसी भी कठिन परिस्थितियों में संयम और विवेक का साथ बनाए रखना। बुद्धि एवं प्रतिभा का विकास करना, वीरता और क्षमा का मूल्य समझना। मानवीय संबंधों एवं देशभक्ति के मायने समझना। परोपकार हेतु सैदेव तत्पर रहना!

क्या ध्रुव अपने मूल्यों को राज नगर में स्थापित करने में सफल रहा? ध्रुव के सिद्धांतों की परीक्षा का इससे उपयुक्त अवसर कोई नहीं हो सकता था। क्योंकि ग्रेंड मास्टर रोबो से लड़ते हुए ध्रुव मारा जा चुका है और ध्रुव की मौत के पश्चात कमांडो फोर्स को प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब राजनगर में ना आदर्शवादी ध्रुव है और ना ही उसके द्वारा राजनगर की सुरक्षा और व्यवस्था को कायम रखने वाली कमांडो फोर्स है। ध्रुव की अनुपस्थिति में षडयंत्रों की कुदाल ने राजनगर के सीने को चीरने के लिए अपनी बिसात बिछा दी है। राजनगर के खूंखारतम अपराधियों को नारका जेल से आजाद करवा दिया गया है। और यह सैंकडों मलिन अपराधी राजनगर को ध्वस्त करने के लिए पूरे शहर में फैल चुके हैं। और तब देखने को मिलते हैं ध्रुव द्वारा तैयार किये गए वो दृढ़ इच्छाशक्ति धारक एवं दृढ़ संकल्पित सिपाही जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान पर खेल जाते हैं। और उसे ससम्मान शैतानों के चुंगुल से निकाल लाते हैं।

सच है कि एक सिपाही की शहादत यदि युद्ध के मैदान में हो तो उससे बड़ी सम्मानित मृत्यु और कोई नहीं हो सकती। सत्य के सिपाही ध्रुव ने भी अपनी मातृभूमि के लिए लड़ते हुए अपने प्राण न्योछावर किये। कोड नेम कॉमेट, ब्रेक आउट, मेक्सिमम सिक्योरिटी और लास्ट स्टैंड के इस रोमांचक सफर में आपने देखा कि कैसे आपका जुझारू कैप्टेन विपरीत परिस्थितियों में भी डटा रहा। यहां तक कि मृतप्रायः अवस्था में पहुंच कर भी, मानसिक अत्याचारों की अंधेरी काल कोठरियों को तोड़ता हुआ स्वस्थचित वापस लौट आया। यह कहानी ध्रुव के दृढ़ चरित्र और उसके फौलादी इरादों से हमारा परिचय कराती है।
शुरू में इस सीरीज की 64-64 पेजिस की 2 कॉमिक्स की योजना बनी थी किन्तु जैसे-जैसे वस्तुकथा स्वरुप लेती गई कहानी बड़ी होती गई। यहां तक कि इसमें राज कॉमिक्स सृष्टि के अन्य किरदार भी सम्मलित होते चले गए। हर कॉमिक्स के प्रकाशन के साथ ही सभी ध्रुव प्रेमियों ने उन्हें हाथों हाथ लिया और प्रशंसाओं के समुन्द्र से लेखक और चित्रकार को भिगो डाला। आपके इसी उत्साहवर्धन के फल स्वरुप लेखक मंदार गंगेले की लेखनी और चित्रकार हेमंत कुमार की पेंसिल में बेहिसाब जोश भरता चला गया। साथ ही स्याहिकार श्री ईश्वर जी एवं रंग भरने वाले कलाकारों श्री शादाब, श्री अभिषेक में भी स्फूर्ति भर गई।

पिछले कुछ सालों में आपके कैप्टेन की बहुत कम कॉमिक्स प्रकाशित हुईं। जिसकी वजह से कमांडोज में काफी रोष व्याप्त रहा। अनुपम जी कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स में व्यस्त रहे जैसे कि निगेटिव्स एवं उनका इंग्लिश उपन्यास वर्चुअल्स। इस दौरान ध्रुव की कहानियों एवं चित्रों पर कुछ नए लेखकों एवं चित्रकारों ने काम किया जैसे लेखकः अभिषेक सागर, नितिन मिश्रा, मंदार गंगेले। चित्रकारः सिद्धार्थ, हेमंत कुमार इत्यादि। कुछ कॉमिक्स आईं जैसे जीनियस, डेड ऑर अलाइव, आल्टर ईगो, एक्स, स्पेशल्स, शो स्टॉपर, कोड नेम कॉमेट, ब्रेक आउट, मेक्सिमम सिक्योरिटी, लास्ट स्टैंड। मल्टी स्टाररः हम होंगे कामयाब, समुंदरी लुटेरे, गहरी चाल। इन सभी कॉमिक्स को पाठकों की मिली जुली प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। ज्यादातर कॉमिक्स को सराहा गया। यद्यपि सभी प्रशंसक अनुपम जी कृत सुपर कमांडो ध्रुव की मांग करते रहे। और अब अनुपम जी अपने प्रिय पाठकों की मांग को पूरा करने के लिए जल्दी ही ले कर आ रहे हैं अलादीन, नैनो और बालचरित।

आशा है प्रिय पाठकों को अपने प्रिय रचनाकारों के प्रयत्न हमेशा ही पसंद आयेंगे। राज कॉमिक्स का निरंतर सहयोग और प्रेम बनाए रखने के लिए आप सभी का धन्यवाद!

आपका संजय गुप्ता! जनून!

SOMEWHERE IN RAJNAGAR. NOW.
कितना सुन्दर दिखाई देता है राजनगर यहां से! दिखाई भी क्यों न दे, यह शहर है ही इतना सुन्दर!
और इसे सुन्दर बनाने का श्रेय जाता है राजनगर के निवासियों को।
सालों की मेहनत और लगन, अपना खून, पसीना, पैसा, प्यार ना जाने क्या-क्या लगाया है तुम लोगों ने इसे सुन्दर बनाए रखने के लिए।
काफी गौरवांवित सा महसूस हो रहा होगा न तुम्हें, यह सब सुनकर?
तो, जब तक इसकी सुन्दरता और तुम्हारी सांसें बरकरार हैं तब तक इसे जी भरकर निहार लो। जल्द ही यह शहर इतना बदसूरत बनने वाला है कि कोई इसे फूटी आंख देखना तक पसंद न करे।
क्या मतलब, मैं यह क्यों कर रहा हूं?
तुम्हें क्या लगता है कि यह सब मैं मानसिक रूप से विक्षिप्त किसी भी अन्य अपराधी की तरह सिर्फ अपने दिमागी फितूर के कारण कर रहा हूं?
तुम्हें लगता है कि मैं राजनगर को सिर्फ इसलिए तबाह करना चाहता हूं क्योंकि मुझे इस सुन्दर शहर की सुन्दरता फूटी आंख नहीं सुहा रही?
ना... ना... यह मैं किसी दिमागी फितूर के कारण नहीं कर रहा!

तो, अब तुम सोच रही होगी कि क्या **दुश्मनी** है मेरी राजनगर से, राजनगर में रहने वाले लोगों से?
कोई दुश्मनी नहीं है।
बल्कि मैं खुद इस शहर, राजनगर से प्रेम करता हूं!

हां! शायद जितना तुम करती हो उससे थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन करता **जरूर** हूं।
लेकिन वह कहते हैं न, **महान उद्देश्य की प्राप्ति के लिए महान आहुतियां देनी पड़ती हैं।** अपनी प्यारी से प्यारी चीज का भी **बलिदान** देना पड़ता है।

मुझे भी राजनगर के प्रति अपने प्यार को दरकिनार रख राजनगर की **आहुति** देनी ही होगी।
ना...ना! खुद को तकलीफ मत दो! मैं समझ गया, तुम यही कहना चाहती हो न कि अगर मेरी दुश्मनी तुम्हारे साथ है तो इसकी सजा राजनगर को क्यों?
गलत सोच रही हो!
मेरी तुम से भी कोई दुश्मनी नहीं है। मैंने कभी किसी से दुश्मनी करनी नहीं चाही...

...जब भी बनाए हैं दोस्त बनाए हैं। कम से कम कोशिश तो यही की है।
लेकिन कुछ कोशिशें हमेशा नाकाफी होती हैं।
अब देखो न! राज-नगर के हीरो, उसके रक्षक, राजनगर वासियों के मसीहा को कितनों ने ही मारने की अनगिनत कोशिशें की हैं।

"कभी किसी ने उसे अपनी लेजर आई का निशाना बनाने की कोशिशें की..."
"...तो किसी ने ध्वनि तरंगों को उसकी मौत का कारण बनाने की कोशिशें की..."
"राक्षस! एलियन!"
"...हर किसी ने अपनी-अपनी तरह से हर भरसक कोशिशें की महान सुपर कमांडो ध्रुव को अपने रास्ते से हटाने की।"
"लेकिन सभी नाकाफी रहीं!"

पर दूसरों की कोशिशें नाकाम हुई इसका मतलब यह नहीं कि हमें कोशिशें करना बंद कर देना चाहिए।
एक कोशिश मैं भी करूंगा! और मैं सिर्फ कोशिश नहीं करूंगा।
उस कोशिश को अपने अंजाम तक पहुंचाने की दिशा में मेरा पहला कदम तुम्हारी मौत होगा, चंडिका उर्फ श्वेता राजन मेहरा!
CONTINUED IN
NEO (SUPER COMMANDO DHRUVA)
STORY-MANDAAR GANGELE
ART-SUSHANT PANDA
COLORS-BASANT PANDA
EDITOR-MANISH GUPTA